तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

10 सफीदों:समस्याओं से घिरे वार्ड नंबर 14 को विकास का इंतजार



10 बच्चों को सिखाए प्राथमिक उपचार के गुर



## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से साधु की मौत

**जींद।** रेलवे स्टेशन नरवाना पर अज्ञात साधु की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस को कुछ नही मिला है जिससे शिनाख्त हो सके। शिनाख्त के लिए शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। सोमवार शाम को 55 वर्षीय एक साधु लाइन पार कर रहा था। तभी जींद की तरफ से ट्रेन आ गई और उसने साधु को चपेट में ले लिया।

### आटो की चपेट में आने से स्कूटी चालक की मौत

**कैथल।** शहर के चंदना गेट पर एक ऑटो चालक द्वारा टक्कर मार जाने से स्कूटी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। लाटका मोहल्ला के राजकुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 को उसका भाई पवन स्कूटी पर जा रहा था तो अज्ञात आटो चालक ने ऑटो को लापरवाही से चलते टक्कर मार दी।

### युवती को गुमराह कर ठगे एक लाख

**जींद।** साइबर ठगों ने रधाना की युवती से श्रम योगदान की राशि खाते आने की बात कह कर एक लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रधाना निवासी दीपिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 फरवरी को उसके फोन पर कॉल आई थी।

### बर्फ तोड़ने का सुआ मार युवक को किया घायल

**कैथल।** कैथल के जखोली अड्डा पर हुई मारपीट में एक युवक को बर्फ का सुआ मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बड़ा कटहेरा कैथल की रेशमा ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कैथल के शक्तिनगर के राहुल ने उसके लड़के राहुल उर्फ गुंडर को बर्फ का सूआ मारकर घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया।

### रेलवे लाइन के किनारे से पेड़ काटे, केस दर्ज

**जींद।** ईस्माइलपुर और धरौदी स्टेशन के बीच रेललाइन के किनारे खड़े पेड़ अज्ञात ने काट लिए। जीआरपी ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वन विभाग के वन रक्षक नरवाना इंचार्ज महेंद्र सिंह ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि दिल्ली-बठिंडा रेललाइन पर ईस्माइलपुर और धरौदी स्टेशन के बीच विभाग की तरफ से पेड़ लगाए हुए हैं।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** क्रेडिट कार्ड का ओटीपी पूछकर धोखाधड़ी के एक मामले की जांच थाना साइबर क्राइम पुलिस के एसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी बनावली जिला फतेहाबाद निवासी सुनील कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी विक्रम ने शिकायत दर्ज करवाई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल, केस

**जींद।** रोहतक रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुद्वारा कालोनी निवासी हरकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर से राशन का सामान लेने के लिए बाइक से निकला था।

### पंचायती भूमि से बोर्ड को उखाड़ने का आरोप, केस

**कैथल।** गांव सोथा की पंचायती जमीन पर लगे बोर्ड को उखाड़ने के आरोप में सीवन पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है।ंड विकास एवं पंचायती अधिकारी सीवन द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर गांव सोथा की सरपंच मोनिका देवी ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है।

# खरकभूरा में नीम के पेड़ से निकल रहे सफेद तरल को लोगों ने आस्था से जोड़ा

## जांच के लिए पहुंची टीम ने लिए सैंपल, टीम ने की अपील ग्रामीण अंधविश्वास में न पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

काफी दिनों से खरकभूरा गांव के जोहड़ पर करीब 20 साल पुराने नीम के पेड़ से सफेद तरल निकलना शुरू हो गया। लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो ग्रामीणों के बीच ये चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों पेड़ से निकल रहे सफेद तरल को आस्था से जोड़ रहे है जबकि जांच के लिए पहुंची टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वो किसी तरह के अंधविश्वास में न पड़े। जांच टीम ने सैंपल भी सफेद तरल के लिए। नीम का पेड़ कड़वा माना जाता है लेकिन इस सफेद तरल को चखने के बाद ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से नारियल का पानी होता है वैसा ये सफेद तरल है। कुछ लोग तो इस तरल को बोतलों में भर कर अपने घर भी लेकर जा रहे है। प्रशासन द्वारा गांव में मुनियादी करवा कर ग्रामीणों से अपील की है कि जो सफेद तरल निकल रहा है उसका इस्तेमाल न करें



खरकभूरा गांव में नीम के पेड़ से निकल रहे सफेद तरल को लेकर जाते ग्रामीण।

### बाबा रथपूरी का चमत्कार बता रहे लोग

सोशल मीडिया पर इसका प्रचार होने के बाद अब आसपास के गांवों के लोग आने लगे है। रिश्तेदारों के भी फोन आने लगे है। सफेद तरल को चखा गया जो नारियल के पानी की तरह लगता है। कई लोग इसे बाबा रथपूरी का चमत्कार बता रहे है। लोग इसका सेवन आस्था से जोड़ कर रहे है। कई प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं। लोगों की आस्था बढ़ रही है। मेरे भाई कृष्ण के सिर में दर्द होता था। इसका सेवन करने के बाद उसको आराम है। अब ये अंधविश्वास है या चमत्कार कुछ कहा नहीं जा सकता। राजपाल काब्रच्छा ने कहा कि तारखा गांव में चर्चा चल रही थी कि नीम के पेड़ से सफेद तरल निकल रहा है जो नारियल पानी की तरह है। ये चत्मकार है।

**जांच के लिए पहुंची टीम :** स्वास्थ्य, वन, पंचायत एवं जन स्वास्थ्य विभाग की टीम नीम के पेड़ से निकल रहे पानी के निरीक्षण के लिए पहुंची। स्वास्थ्य विभाग उचाना से टीम में शामिल एमपीएचडब्ल्यू विक्रम श्योकंद ने बताया कि यह एक रासायनिक प्रक्रिया है। नीम के पेड़ से निकल रहे पानी में चमत्कार जैसी कोई बात नहीं है। ग्रामीण किसी प्रकार के अंधविश्वास में न पड़े। वन विभाग के दरोगा जगदीप ने बताया कि यह पेड़ों में फंगल इंफेक्शन जैसी एक बीमारी है, बिना किसी जांच के इस पानी का किसी प्रकार का प्रयोग घातक हो सकता है। सरपंच प्रतिनिधि संजीव, कानूनगो रामबिलास ने इस बारे में लोगों को विस्तार से समझाया। वन राजिक अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि यह पेड़ की झिल्ली फटने से हो सकता है। जिस कारण पेड़ पानी अवशोषित नहीं कर पाता और ये पानी बाहर निकाल देता है। सत्यवान ने कहा कि करीब एक महीने से नीम के पेड़ से सफेद तरल निकल रहा है। इससे देखने एवं लेकर जाने के लिए आसपास के गांवों से लोग आ रहे है। टीम आई थी वो सैंपल लेकर गई है। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। नीम के पेड़ के आसपास साफ.-सफाई की जा रही है। ये चमत्कार है। ये ऐसा पहला पेड़ है जिससे ऐसा हो रहा है। ग्रामीण पेड़ को धागे भी बांधने लगे है। बन्नी सिंह ने कहा कि ये कुदरत की देन है। करीब दो महीने से ऐसा नीम के पेड़ से हो रहा है।

### जुलाना नपा के प्रधान-पार्षद उम्मीदवारों के फार्मों की जांच

# शैक्षणिक योग्यता नहीं होने से चरणदास का आवेदन रिजेक्ट

## चुनाव नहीं लड़ने वाला तीन बजे तक ले फार्म वापस, आज मिलेंगे निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना नगरपालिका के प्रधानों एवं पार्षदों के फार्मों की जांच चुनाव आयोग द्वारा की गई। जांच में वार्ड नंबर तीन से योग्यता के कारण पार्षद चरणदास का फार्म रिजेक्ट हो गया। फार्म रिजेक्ट का कारण उसकी शिक्षण योग्यता थी। वार्ड नंबर तीन जनरल के लिए आरक्षित है और जिसकी चुनाव लड़ने की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं पास है। चरणदास की शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निकली। इसलिए शैक्षणिक योग्यता नहीं होने के कारण चरणदास का फार्म रिजेक्ट हो गया। दूसरा फार्म वार्ड नंबर 14 से रिजेक्ट हुआ है। सुमित्रा ने नामांकन में अपने दो फार्म जमा करवाए थे। उनमें से एक फार्म रिजेक्ट हो गया। बुधवार को जो भी प्रत्याशी चुनाव नही लड़ने के इच्छुक हैं, जाहे प्रधान हो या पार्षद अपना फार्म वापस ले सकता है। बुधवार को फार्म वापस लेने का अंतिम दिन है। सुबह 11 से 3 बजे तक प्रत्याशी जिसने नामांकन किया हुआ है वापस ले सकता है। तीन बजे के बाद प्रधान पद एवं पार्षद पद के लिए चुनाव चिन्ह आंबटित किए जाएंगे। जुलाना के 14 वार्डों में अब ताल ठोकने के लिए बचे 15 प्रधान और 46 पार्षद पद के उम्मीदवार चुनावी मैदान में जुलाना कस्बे की सरकार में चुनावी ताल ठोकने वाले अब प्रधान पद के लिए 15 व पार्षद पद के लिए 46 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। मंगलवार एक फार्म रिजेक्ट होने एवं एक के दो फार्म होने के कारण दो फार्म रिजेक्ट हो गए। प्रधान पद के लिए देव कौशिक, सत्यवान खटकड़, आनंद लाठर, सुनील कुमार, कौशल कुमार, तरूण गर्ग, शमशेर सिंह, मोहिंद्र सिंह, संजय कुमार, अमरजीत सिंह, ठंडीराम, जोगेंद्र, प्रीति, जयभगवान और वकील ने आवेदन किया हुआ है। वार्ड एक से मनदीप, सोनिया व रामनिवासी मैदान में हैं। वार्ड 2 से राजपाल, प्रवीन और कविता के बीच मुकाबला होगा। वार्ड 3 में चरणदास का फार्म रिजेक्ट होने के कारण खुशीराम व जितेंद्र लाठर में मुकबला होगा। वार्ड 4 से मोनू, अमन और सुमिता, वार्ड 5 से मंजू, रीतू, पूजा कुमारी व सुजाता, वार्ड 6 से पवन कुमार, संदीप और ओमप्रकाश, वार्ड 7 से राजेश, प्रदीप, रामनिवास, विजय कुमार, वार्ड 8 से संदीप, रिषिकुमार व नवीन, वार्ड 9 से राहुल, अजीत, अजय कुमार व सुभाष पांचाल, वार्ड 10 से रामभतेरी, मीना, पूजा रानी व काजल, वार्ड 11 से ममता, सीमा व सोनम, वार्ड 12 से भारत, सुमित व राकेश, वार्ड 13 से रजनी देवी, ज्योति, रोशनी और मौसमी, वार्ड 14 से सुमित्रा, मंजू व मित्रा देवी ने नामांकन किया हुआ है।



**जुलाना।** तहसील में फार्मों की जांच करते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### 80 लोगों ने नो ड्यूज लिया

नगरपालिका का प्रधान एवं पार्षद पद के लिए नामांकन करने के लिए नगर पालिका, बिजली बोर्ड सहित बैंकों के नो ड्यूज लेने होते हैं। जुलाना नगर पालिका से 80 लोगों ने अपना नो ड्यूज लिया। इन 80 लोगों से जुलाना नगरपालिका को तीन लाख 40 हजार एक सौ सतावन रुपये मिले। बिजली बोर्ड से करीब 60 लोगों ने अपना नो ड्यूज लिया। ये सभी लोगों ने पहले भी अपने बिजली के बिल भरे थे। इनमें से कोई भी बिजली बोर्ड का डिफाल्टर नहीं था।

### 13663 मतदाता करेंगे फैसला

14 वार्डों के 13663 मतदाता करेंगे 15 प्रधानों एवं 46 पार्षदों का फैसला जुलाना कस्बे की सरकार बनाने के लिए 13663 मतदाता प्रधान और पार्षदों के भाग्य का फैसला करेंगें। जुलाना में पहले जहां 13 वार्ड होते थे अब 14 वार्ड बनाए गए हैं। जुलाना के 14 वार्ड में कुल 13663 मतदाता हैं। जिनमें से 7265 पुरूष और 6398 महिला मतदाता हैं। जुलाना में वार्ड सात पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जिसमें 698 पुरूष मतदाता और 628 महिला मतदाता हैं। सबसे कम वार्ड 6 में मतदाता हैं जिसमें 721 मतदाता हैं। जिसमें 385 पुरूष मतदाता हैं और 336 महिला मतदाता हैं। जुलाना कस्बे में हर कोई चुनाव को लेकर दिलचस्बी ले रहा है। हर नुक्कड़ चौराहे पर एक ही चर्चा बनी हुई है कि अगला चेयरमैन कौन होगा।



**कलायत।** उप मंडल मुख्यालय पर नामांकन पत्रों की जांच करते अधिकारी।

# एमडी शुगर मिल ने की नामांकन पत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका चुनाव को लेकर मंगलवार को चुनाव अधिकारी एवं शुगर मिल प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार की देखरेख में चुनाव कमेटी ने नामांकन पत्रों की जांच की। चुनाव अधिकारी ने बताया कि नपा प्रधान पद के लिए भरे गए सभी 12 नामांकन पत्र जांच दौरान सही पाए गए। जबकि पार्षद पद के लिए 59 नामांकन पत्रों में से नामांकन डबल होने की वजह से एक रद किया गया। 19 फरवरी शनिवार दोपहर तक नामांकन वापसी का समय रहेगा। उपरांत चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। कलायत में सोमवार तक को नगर पालिका में प्रधान पद के लिए 12 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। जबकि पार्षद पद के लिए 59 नामांकन मिले थे।

### निकाय चुनावः सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक किए नियुक्त

**कैथल।** जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव को लेकर कैथल जिला की तीन नगर पालिकाओं (कलायत, सीवन व पूंडरी) के लिए जनरल तथा पुलिस ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है। आयुष विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) 2004 बैच की एचसीएस अधिकारी वंदना दिसोदिया को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 82957-68703 है। इसी प्रकार स्टेट क्राइम ब्रांच गुरुग्राम एसपी धारणा यादव को पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जिनका मोबाइल नंबर 8295023375 है। दोनों पर्यवेक्षक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, अंबाला रोड, कैथल में उपस्थित रहेंगे।

# बुलेट की टक्कर से युवक की मौत

- रात को कैथल दुकान से जा रहा था घर, दुर्घटना के बाद था कोमा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में दाखिला था और कोमा में था। वहां से उसे वापस कैथल सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। स्पोर्टस की दुकान पर करता था कार्यः गांव खुराना निवासी राधाकृष्ण ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका 36 वर्षीय लड़का दीपक कैथल में आरके स्पोर्टस की दुकान पर कार्य करता था। पांच फरवरी को दीपक मोटरसाइकिल पर दुकान से अपने घर खुराना आ रहा था। जब रात करीब साढ़े 8 बजे वह गांव के नजदीक पहुंचा तो किसी मोटरसाइकिल चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुलेट मोटरसाइकिल चालक अपनी बुलेट को लेकर मौके से गांव खुराना की तरफ भाग गया।



मृतक दीपक का फाइल फोटो

### मामले की जांच जारी

सूचना पाकर वे दीपक कैथल के सरकारी अस्पताल में लेकर गए, जहां से उसको पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। लड़का ढ्रक में कोमा में था, जिसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। 16 फरवरी को उसे वापस सरकारी अस्पताल कैथल भेज दिया। वहां एक्सीडेंट में लगी चोटों के कारण दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शिकायतकर्ता ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सदर थाना के जांच अधिकारी एचसी जयपाल ने बताया कि पुलिस ने पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सभी मतदान केंद्रों पर हो मूलभूत सुविधाएं: डीसी

- निकाय चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सीवन सभी मतदान केन्द्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने आगामी दो मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर सीवन नगर पालिका के सभी बूथों को निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इन सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए विशेष रूप से व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए तथा रैंप भी पूरी तरह से सुविधा जनक होने चाहिए। इसके साथ ही डीसी प्रीति ने स्कूलों में साफ सफाई को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में कहीं भी गंदगी नजर आती है तो उसकी सफाई भी समय रहते की जाए। यहां पर बनाए गए हैं मतदान केंद्र : डीसी प्रीति ने बताया कि सीवन में कुल 16 वार्ड हैं। प्रत्येक वार्ड के लिए एक बूथ बनाया गया है। बूथ नंबर एक से चार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में बनाया गया है। बूथ नंबर पांच व छह राजकीय प्राथमिक पाठशाला नजदीक गोगा माड़ी सीवन में, बूथ नंबर सात अंबेडकर भवन, बूथ नंबर आठ राजपूत धर्मशाला, बूथ नंबर नौ से 13 राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सीवन, बूथ नंबर 14 राजकीय स्वर्ग द्वार प्राथमिक स्कूल सीवन, बूथ नंबर 15 व 16 राजकीय प्राथमिक पाठशाला नजदीक शनिदेव मंदिर सीवन में स्थापित किए गए हैं।



**कैथल।** डीसी प्रीति पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते। *फोटो :हरिभूमि*

**प्रतिक्रिया** अवैध रूप से अमेरिका में गए लोगों को डिपोर्ट करना अमेरिका का हक

# पंजाब के मुख्यमंत्री नशे में रहते हैं, वे अपनी कुर्सी बचाने के बारे में सोचें: डॉ. कृष्ण लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि अवैध रूप से अमेरिका में गए लोगों को डिपोर्ट करना अमेरिका का हक है। अवैध रूप से विदेश से आए लोगों के कारण भारत को भी कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता रहा है। भारत भी इस प्रकार की कार्रवाई करता रहा है, ठीक वैसे ही कार्रवाई अमेरिका कर रहा है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पंजाब के सीएम द्वारा अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को कैदियों की तरह लाए जाने पर दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि पंजाब के सीएम नशे में रहते हैं। पहले उन्हें अपनी कुर्सी बचाने के बारे में सोचना चाहिए। क्योंकि अब अरविंद केजरीवाल का दिल पंजाब के सीएम की कुर्सी पर आ गया है। निकाय चुनाव को लेकर भाजपा में मनमुटाव को लेकर कहा कि बड़े परिवारों में थोड़ा बहुत मनमुटाव हो जाता है लेकिन मनमुटाव आपस में बैठ कर दूर कर लिया जाता है।



पत्रकारों से बातचीत करते डा. कृष्ण मिड्ढा।

### कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी

उन्होंने हरियाणा में निकाय चुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि अब कांग्रेस हरियाणा में अपना पूरा जनाधार खो चुकी है। कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं पर घमंड में आने का आरोप लगाया जाने का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले दस साल सत्ता का घमंड था। इस बार वह सरकार बनाने का घमंड पाल बैठे थे लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को इसकी हकीकत दिखा दी।

# घर से नकदी व आभूषण चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा सेंधमारी व बाइक चोरी करने वाले 2 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी से जिला जींद, कुरुक्षेत्र, कैथल व पंजाब से बाइक चोरी व घरों से सामान व नकदी चोरी की 5 वारदात सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष नगर कैथल निवासी ओमप्रकाश की शिकायत अनुसार उसका परिवार 18 जनवरी को पिंजौर शादी समारोह गया था। उस दौरान अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर मंदिर से 1.50 लाख रुपये नकदी, 1 सोने की चैन, 1 अंगुठी, 2 कोके, 6 जोड़ी चांदी की पाजेब, 7 चुटकी, 2 कुडली, 7 सिक्के, 1 चांदी का मंदिर, 1 चांदी की तागड़ी, 1 एलईडी व 1 स्पीकर चोरी कर लिए गए। एसपी राजेश कालिया द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट को जल्द से जल्द आरोपियों को काबू करने के आदेश दिए गए थे। जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में मुख्य सिपाही राममेहर की टीम ने करते आरोपी जींद के उचाना मंडी निवासी साहिल उर्फ गोल्डी को 14 को काबू कर कोर्ट से पुलिस रिमांड पर लिया था।

**खबर संक्षेप**

### मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पर एक्सटेंशन व्याख्यान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन विषय पर एक्सटेंशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। संचालन इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ प्रो. राजबीर सिंह ने किया। पहुंचने पर विभागाध्यक्ष डा. सुनील फोगाट व इंचार्ज डा. अल्का सेठ ने स्वागत किया। अध्यक्षता विभाग के चेयरपर्सन प्रो. सुनील फोगाट ने की और सत्र का समन्वय डा. अल्का सेठ ने किया।

### दो सगे भाइयों को हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** सफीदों रोड पर मैरिज हाल से दो भाइयों बाहर बुला युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर पांच युवकों को नामजद कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरपुर विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादियों में क्रोकरी का काम करता है। गत दिवस वह अपने भाई अक्षय तथा अन्य शादी में क्रोकरी का काम करने के लिए गए थे।

### गांव झमोला से पंचायती झोटा चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव झमोला से पंचायती झोटे के गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव झमोला के सरपंच रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंचायत ने गांव में झोटा छोड़ा हुआ था। जो पिछले तीन से गायब है। पूछताछ करने पर कोई सुराग नही लगा। जुलाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### खेत से इंजन का पंखा और प्लेट चोरी

**जींद।** नरवाना मेला मंडी रजवाहे क पास से बीती रात चोरों ने इंजन का पंखा और प्लेट चोरी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी विकास में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके रजवाहे के पास खेत हैं। बीती रात चोरो ने खेत से इंजन का पंखा और प्लेट को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने विकास की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### 23 को जींद में होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

**जींद।** मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए प्राइवेट स्कूल संघ 23 फरवरी को रॉकलैंड वाटर पार्क दा सिंहासन में एक राज्यस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जींद के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा करेंगे। पारितोषिक वितरण के मुख्यातिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व भाजपा नेत्री वृंदा शर्मा होंगे।

### मकान से नकदी और मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**जींद।** सफीदों में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर तीन मोबाइल फोन तथा पांव हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आदर्श कॉलोनी में रहती है और झाड़ू पोंछा करने का काम करती है।

### लेयर फार्म से इन्वर्टर और बैटरी चोरी, केस

**जींद।** गांव रायचंदवाला में बीती रात चोरो ने लेयर फार्म का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरियों सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रायचंदवाला निवासी जगबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### जींदः युवती का रोहतक में यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद।** राम कालोनी रोहतक में जींद की युवती के साथ एक साल तक यौन शोषण करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर रोहतक पुलिस को भेजी है। सिविल थाना इलाके की युवती ने पुलिस को शिकायत दी है।

## वार्ड में होगा उपचुनाव: पार्षदों से लेकर अधिकारियों तक लगा चुके गुहार

# सफीदों : समस्याओं से घिरे वार्ड नंबर 14 को विकास का इंतजार

### जल निकासी नहीं, पेयजल किल्लत, सफाई समेत अनेक समस्याएं मुंह बाए खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर के वार्ड नंबर 14 का उपचुनाव होना है लेकिन यह वार्ड समस्याओं से घिरा हुआ है और विकास की बाट जोह रहा है। वार्ड में निकासी, पीने के पानी, टूटी फूटी गलियों, सफाई समेत अनेक समस्याएं मुंह बाए खड़ी है लेकिन समस्याओं के निराकरण के लिए कोई ठोस कार्य नहीं हो पा रहे हैं। विकास कार्य ना होने व समस्याओं को लेकर कालोनी वासियों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि वे समस्याओं को लेकर अब तक के बने पार्षदों व संबंधित अधिकारियों को गुहार लगा चुके हैं, समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। वार्डवासी ओमपति देवी, अंगुरी देवी, संतोष, माटो, धर्मबीर, सरोज, नेकी राम व लख्मी चंद का कहना है कि इस वार्ड में अनेक पार्षद बने लेकिन कोई भी धरातल पर विकास कार्य नहीं करवा पाया। ख्चुनावों के वक्त तो जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें करके वोट बंटोर जाते हैं लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद उन वायदों को भुलाकर वार्ड वासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। इस वार्ड की गलियां निकासी के अभाव में गंदे पानी से लबालब रहती हैं। नालियां गंदगी से अटी पड़ी है लेकिन उनको सफाई करके खोलने कोई नहीं आता। वार्ड की सिवरेज व्यवस्था भी ठप्प पड़ी है। थोड़ी सी बरसात में ही वार्ड की गलियां तालाब का रूप ले लेती हैं। बारिश का पानी उतरने के बाद वहां पर कीचड़ जमा हो जाता है व चारो ओर दुर्गंध फैल जाती है। बारिश का पानी उनके घरों में घुस जाता है। गंदगी के कारण वार्ड में महामारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। गलियों में कीचड़ के कारण वाहन चालक, बच्चे व बुजुर्ग उनमें गिर जाते हैं। कालोनी के लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड की गलियां बहुत लंबे समय से टूटी फूटी पड़ी है, जिनकी सूध नहीं ली जा रही है। वार्ड की गलियों में स्ट्रीट लाईटें चालू नहीं है। जो लाईटे लगी भी हुई है तो वे चालू अवस्था में नही हैं। कालोनी वासियों ने कहा कि वे इस उपचुनाव में केवल उसी को वोट देंगे जो उनकी सुनवाई करके समस्याओं का निपटान करवाएगा।



सफीदों। गंदे पानी से लबालब वार्ड की एक गली व जानकारी देते वार्ड की महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



**तीन उम्मीदवारों ने भरा है नामांकन**

सफीदों नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 के उपचुनावों के मद्देनजर ज्योति, नीरू कुमार व अजीत ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है। इन नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को होगी तथा नामांकन वापसी की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में निभाएं अहम भूमिका: सिहमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। इस कार्यक्रम में डिजिटल मार्केटिंग और बौद्धिक संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया गया और इसे एमएसएमई भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया। इस दौरान 25 छात्राओं को महत्वपूर्ण व्यापारिक कौशल, डिजिटल मार्केटिंग और बौद्धिक संपत्ति अधिकारों के विभिन्न पहलुओं के बारे में समझाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग और उद्यमिता विकास सेल के सौजन्य से आयोजित किया गया। पहले सत्र में डा. राकेश सिहमार ने भारत में महिलाओं की भागीदारी और उद्यमिता पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। उन्होंने महिलाओं की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए समर्थित ढांचों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद प्रभावी ब्रांडिंग के लिए मार्केटिंग संचार पर बात की गई। उन्होंने उन विभिन्न मार्केटिंग संचार रणनीतियों के बारे में चर्चा की जो अपने ब्रांड संदेश को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए उपयोग कर सकते हैं। जिससे ग्राहक वफादारी को बढ़ाया जा सके और बिक्री में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को आवश्यक कौशल से लैस करने में सहायता करता है। समापन कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से फीडबैक लिया गया। इस मौके पर क्रांति, प्रीति, रितु, शिवानी सहित अन्य महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## 270 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- राजकीय वमावि सीमला में फ्री हृदय जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सीमला गांव के राजकीय वमावि में जनता अस्पताल कैथल द्वारा फ्री हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में न केवल सीमला बल्कि नरवाना और आसपास के कई गांवों से आए मरीजों ने भी लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर की अगुवाई भारत के प्रतिष्ठित हृदय रोग संस्थान जीबी पंत दिल्ली से प्रशिक्षित एवं ऑल इंडिया टॉपर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुधीर मोर ने की। उन्होंने 270 मरीजों की जांच की और हृदय स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, खून जांच , पेशाब जांच, एवं बच्चों में दिल के छेद से संबंधित विशेष जांच की गई। युवाओं में बढ़ रहे हृदय रोगए सावधानी जरूरी डॉ मोर ने बताया कि आजकल 20 से 45 वर्ष के युवा भी हृदय रोगों की चपेट में आ रहे हैं जिसका मुख्य कारण धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अत्यधिक नमक, चीनी और तैलीय भोजन का सेवन है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संतुलित आहार लेने और तनाव से दूर रहने की सलाह दी। कैथल में अब मिलेगा बेहतरीन हृदय उपचार डॉण मोर ने यह भी बताया कि कैथल स्थित जनता अस्पताल में हृदय रोग से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।



जींद। जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जींद में कैंसर सेंटर बना कर कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू की जाए

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने सरकार से मांग की है कि जींद में कैंसर सेंटर बना कर कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू की जाए। गोयल का कहना है कि कैंसर सेंटर स्थापित होने से जींद व आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों को राहत मिलेगी और उन्हें उचित समय पर इलाज मिल सकेगा। गोयल का कहना है कि जीन्द के सिविल अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए कीमोथेरेपी सुविधा की आवश्यकता है। वर्तमान में जिले के कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए रोहतक, चंडीगढ़ या दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है जिससे उन्हें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गोयल का कहना है कि जींद जिले की जनसंख्या को ध्यान में रखते यह जरूरी है।

## जेईई मेंस परीक्षा में सुप्रीम स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में जेईई मेंस का परिणाम घोषित होते ही उत्सव का माहौल बन गया। स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की और विद्यालय का नाम रोशन किया। दीक्षिता पुत्री विकास ने 98.47 प्रतिशत और कबीर पुत्र सुनील कुमार ने 90.15 प्रतिशत अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्कूल परिवार द्वारा छात्रों को पुष्पमाला पहना कर, मिठाई खिला कर तथा 2100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम अंततः रंग लाता है। परिश्रम का मनुष्य के जीवन में वही महत्व है, जो भोजन और विश्राम का होता है। बिना परिश्रम के जीवन व्यर्थ है। क्योंकि प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों का सदुपयोग वही कर सकता है जो परिश्रम में विश्वास रखता है। आगे कहा कि कर्म और परिश्रम का महत्व भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के उपदेश के माध्यम से समझाया था और यही सिद्धांत सफलता का मूल मंत्र है।



जींद। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### अनमोल मानव जीवन को सर्वकल्याण में लगाओ

**जींद।** महान शक्ति संगठन कला धाम के तत्वावधान में रोहतक रोड पर चौड़ी गली में विश्व कल्याण एवं सर्वसुख शांति के लिए चल रहे 11 दिवसीय महाअखंड जाप का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर ऋषि सुखदेव महाराज ने दिव्य प्रवचनों एवं आनंदमय भजनों की ज्ञान अमृत वर्षा से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध करते कहा कि तुम सिर्फ तुम हो, कोई भी तुम्हारे जैसा नही और तुम्हें किसी और जैसा बनने की जरूरत भी नही। जिस प्रकार बगिया के अंदर अलग-अलग पुष्पों में अलग अलग रंग और खुशबू विद्यमान है, उसी प्रकार इस जगत में हर एक मनुष्य, प्रभु भगवान की विशेष रचना एवं हर एक मनुष्य अतुलनीय है। जब एक इंसान दूसरे इंसान से अपनी तुलना करता है तो उसके अंदर ईर्ष्या व द्वेष का आना निश्चित है। अगर तुम्हें दूसरे व्यक्ति के पास अधिक महसूस होगा कि उसके पास तो अधिक धन, जमीन जायदाद या ज्यादा सुंदर शरीर है तो तुम्हें अपने आप से ही घृणा व नफरत होने लगेगी और अगर तुम्हें दूसरा व्यक्ति कमजोर महसूस होगा तो तुम उससे घृणा और नफरत करने लगोगे।

## कविता वाचन में नेहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय वसंत उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को होगा। मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या जयनारायण गहलावत ने की। कार्यक्रम के प्रथम दिन छात्राओं द्वारा कविता, भाषण, मोनोएक्टिंग, फॉक सॉंग, फॉक सॉंग सोलो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कविता वाचन में नेहा बीकॉम-तृतीय ने प्रथम स्थान, कुसुम बीए तृतीय ने द्वितीय तथा अंजली बीएससी प्रथम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंजली बीए द्वितीय ने प्रथम, सुप्रिया बीए द्वितीय ने द्वितीय तथा रितिका बीए द्वितीय ने तृतीय स्थान हासिल किया। मोनोएक्टिंग में हिमांशी बीएससी द्वितीय ने प्रथम, मीनू बीए प्रथम ने द्वितीय तथा खुशबू बीए तृतीय, तृतीय स्थान पर रही। फॉक सांग सोलो में शोभा बीए द्वितीय ने प्रथम स्थान, प्रियंका बीए प्रथम ने द्वितीय तथा पायल बीए प्रथम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या जयनारायण गहलावत ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जहां शिक्षा हर किसी के लिए अनिवार्य है, ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढाने व सार्वजनिक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण जरिया है।



जींद। प्रतिभागी छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि



जींद। शोध प्रस्तुत करते हुए डा. रचना। फोटो :हरिभूमि

### चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की शिक्षिका डा. रचना ने कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रस्तुत किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. रचना श्रीवास्तव ने अपनी अद्वितीय उपलब्धि से न केवल विश्वविद्यालय बल्कि समस्त शैक्षणिक जगत को गौरवांवित किया है। कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, सोसिएशन ऑफ इंडिया और तुरान यूनिवर्सिटी, अल्माटी (कजाकिस्तान) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9वीं अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन ब्रिजिंग ग्लोबलाइजेशन एंड सस्टेनेबिलिटी चैलेंजेज स्ट्रेटेजीज एंड द वे फॉरवर्ड विषय पर 28 से 31 जनवरी तक आयोजित हुआ था। डा. रचना श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत सस्टेनेबल ग्रोथ द लेंस ऑफ पंचतत्व ब्रिजिंग इकॉनमी एंड इकोलॉजी विषयक शोध पत्र को विशेषज्ञों ने अत्यधिक सराहा। शोध की गहराई, उसकी नवीनता और प्रभावशाली प्रस्तुति की प्रशंसा करते कहा कि यह शोध भविष्य के शोधार्थियों और नीति-निर्माताओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। सम्मेलन के आयोजकों ने उनके अभूतपूर्व योगदान को मान्यता देते हुए विशेष सम्मान से नवाजा। डा. रचना ने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण जरूरी

# बच्चों को सिखाए प्राथमिक उपचार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जिला आपदा प्राधिकरण और एनडीआरएफ ने मंगलवार को स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों तथा शिक्षकों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है।

इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने सीपीआर (हृदयगति) रुकने पर जीवन रक्षक प्रक्रिया, भूकंप के समय बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ से बचाव और सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्रों को इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी करके दिखाया ताकि वे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में आत्मनिर्भर बन सकें। एनडीआरएफ की टीम का नेतृत्व असिस्टेंट कमांडेंट ओपी बिश्नोई कर रहे थे। जिनके साथ इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह, हवलदार भीनवा राम, आशीष मोहंती, नरेंद्र सिंह, सिपाही कैलाश खड़का और महिलाकर्मी पूनम एवं अमिता मौजूद रही। इसके अलावाए जिला आपदा प्राधिकरण से संतराए नवीन और विक्रम मोर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम जींद के विजय नगर मे स्थित जय सूर्य हाई स्कूल और नागुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की इस पहल को सभी ने सराहा और मांग की कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे समाज में आपदा प्रबंधन की समझ और क्षमता को मजबूत किया जा सके।



जींद। प्राथमिक चिकित्सा के गुर सिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। शिकायत सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### शिकायतों को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारी सावधान

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने सभी विभागों के अधिकारियों को सीएम विंडो की लंबित शिकायतों का निपटारा शीघ्र करने एवं शिकायतों के निवारण पर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सीएम विंडों पर आने वाली शिकायतों के समाधान हेतु अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटान अधिकारी समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अपनी शिकायतों का शीघ्र समाधान मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को सीएम विंडो की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए निपटारा करने की हिदायत देते हुए कहा कि शिकायतों को गंभीरता से नही लेने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अधिकतर विभागों में सीएम विंडो की शिकायतों का निवारण अधिकारी अधिक तीव्रता से पूर्ण कर देते हैं, वह अधिकारी प्रशंसा योग्य हैं। बैठक में जिला परिषद के सीईओ अनिल दून, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



गुहला चीका। प्रधान जय भगवान भूना के साथ कमेटी सदस्य

### जय भगवान बने परशुराम धर्मशाला के प्रधान

**गुहला-चीका।** गुहला क्षेत्र की प्रतिष्ठित धर्मशाला व भगवान परशुराम मंदिर का त्रिवार्षिक चुनाव धर्मशाला प्रांगण मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान महिंदर शर्मा व राजेश शर्मा पिंटू ने की।मंच संचालन विजेंद्र शर्मा व देव राज शास्त्री ने किया।सबसे पहले पूर्व प्रधान महेंद्र शर्मा ने पिछले 3 वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।तत्पश्चात उन्होंने अपनी समस्त कार्यकारिणी का इस्तीफा चुनाव कमेटी को सौंप दिया। 12 सदस्यीय चुनाव कमेटी ने आपसी विचार विमर्श उपरांत भूना गांव के जय भगवान भूना को सर्व सम्मति से प्रधान चुना गया।

### निकाय चुनावः जिले में धारा 163 लागू

**कैथल।** जिलाधीश प्रीति ने दो मार्च को सीवन, पूंडरी व कलायत नगर पालिकाओं में चुनाव तथा 12 मार्च को मतगणना के दृष्टिगत जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की है। जिसके तहत विस्फोटक पदार्थ, तलवार, बरछा, भाला, लाठी तथा हथियार के तौर पर प्रयोग होने वाली अन्य नुकीली वस्तु लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, हालांकि कृपाण लेकर चलने पर प्रतिबंध नहीं होगा। यह आदेश चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों एवं पुलिस बल पर लागू नही होंगे। इन आदेशों की उल्लंघना का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुस महिला से किया दुष्कर्म, शिकायत दर्ज

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल के तहत आने वाले क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध थाना सदर पुलिस के तहत आने वाले गांव की एक 40 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को रात के समय खुराना गांव का सतीश कुमार उसके मकान में घुस गया। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 20 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**राजौंद।** राजौंद के श्री ब्रह्माकुमारी आश्रम से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर 20 फरवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार शामिल होकर हरी झंडी देकर यात्रा को रवाना करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सुख-शांति भवन ब्रह्माकुमारी आश्रम राजौंद की संचालिका बहन आशा ने बताया कि त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव को लेकर महाशिवरात्रि शोभायात्रा का आयोजन 20 फरवरी को राजौंद आश्रम से किया जा रहा है।

## अधिकारियों को सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश

# नहर में बस गिरने से चोटिल बच्चों से मिलीं उपायुक्त, हौसला बंधाया

- कहा-जल्द ठीक होंगे, घबराएं नहीं, जल्द ठीक होकर उत्साह से परीक्षाएं दें
- परिजनों से की अपील, हादसे को लेकर बच्चों के सामने न करें ज्यादा चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। डीसी प्रीति घटनास्थल का जायजा लेते तथा बस गिरने से चोटिल बच्चों से मिलते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीसी प्रीति ने गांव नौच के पास हांसी-बुटाना नहर में एक निजी स्कूल की बस के गिरने से चोटिल बच्चों से उनके घर जाकर मुलाकात की। साथ ही हादसा स्थल का दौरा कर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश जारी किए। डीसी प्रीति गांव नौच के पास स्थित डेरे में पहुंचीं। जहां उन्होंने चोटिल बच्चों से बातचीत करते हुए उनका हाल-चाल जाना। उनसे इलाज के बारे में भी पूछा। साथ ही कहा कि वे जल्द ठीक होंगे। घबराएं नहीं। वे जल्द ठीक होकर उत्साह से अपनी वार्षिक परीक्षाएं दें। अभिभावकों को भी आश्वासन देते हुए डीसी ने कहा कि प्रशासन आपके साथ है। बच्चों के सामने हादसे को लेकर ज्यादा बातचीत न करें। डीसी ने कहा कि मौके पर हादसों को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इससे पूर्व डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित हांसी बुटाना नहर का उस जगह दौरा किया, जहां सोमवार को स्कूल बस नहर में गिरी थी। मौके पर मौजूद गांव के लोगों ने नहर पर पुल बनाने की मांग की। डीसी ने कहा कि स्थाई प्रबंध करने में समय लग सकता है।

### तीन महिलाओं को महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा

मौके पर गांव के लोगों ने बताया कि हादसे के बाद डेरे से तीन महिलाओं ने नहर में उतर कर बच्चों को बचाया। जो एक बड़ी हिम्मत का काम था। डीसी प्रीति ने महिलाओं के हौंसले की सराहना करते हुए कहा कि यह बात उनके संज्ञान में आई है। इन महिलाओं ने जो हिम्मत दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। तीनों को महिला दिवस के अवसर पर प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।



कैथल। खंड शिक्षा अधिकारी सुखविंदर सिंह विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए ।

## ई-अधिगम बोनांजा टैब गतिविधि में छाए राजकीय विद्यालय अंगोंध के विद्यार्थी

**गुहला चीका।** गत शीतकालीन अवकाश में हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग द्वारा संचालित टैब ई-अधिगम बोनांजा गतिविधि में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंगोंध के सात विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तर पर टॉप 10 में स्थान हासिल किया। इस गतिविधि में खंड स्तर पर 16 विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी भाग ले रहे थे। उपरोक्त सभी विद्यार्थियों को खंड शिक्षा अधिकारी सुखविंदर सिंह ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया ।सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सुखविंदर सिंह ने कहा कि वे सभी लोग जो इस गतिविधि में जुड़े हुए थे चाहे वो विद्यार्थी के माता पिता हो या फिर अध्यापक सभी बधाई के पात्र हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा कि सकारात्मक सोच व लगन से ही उपरोक्त कार्यों को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। विद्यार्थी की सोच अगर विद्यालय स्तर पर सकारात्मक होगी तो वो आने वाले समय में मेहनत और लगन से ऊंचे पदों पर विराजेंगे। इस कार्यक्रम के विद्यालय नोडल अधिकारी बूटा सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा संचालित इस ई अधिगम कार्यक्रम से विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित बहुत लाभ है ।बहुत से ऐसे विषय है जिनमें विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा में बहुत से लाभ होंगे।इस अवसर पर विद्यालय से अवतार सिंह , प्रवीण कुमार, धर्मपाल,बीनू रतवाया,कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, कुलवंत सिंह, कुलदीप सिंह, व सम्मानित होने वाले विद्यार्थी उपस्थित थे।

### श्री श्याम परिवार ट्रस्ट फतेहपुर की बैठक संपन्न, नई कमेटी घोषित

**पूंडरी।** श्री श्याम परिवार ट्रस्ट फतेहपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नए पदाधिकारियों को कमेटी में शामिल करने और आगामी संकीर्तन को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के न्यासकर्ता संस्थापक एवं पूर्व पंच नरेंद्र कुमार गर्ग बात्ता वाले ने की, जबकि प्रधान सेवक (श्याम भक्त) प्रवीण कुमार बात्ता ने कमेटी के सभी सदस्यों के बीच प्रस्ताव रखा। नवगठित पदाधिकारी समिति में ये रहे शामिल-चेयरमैन राजेंद्र गर्ग भाणा, खजांची नरेश मित्तल काका, उप-प्रधान सतीश जांबा, सचिव शिव कुमार, सलाहकार मंत्री अशोक बंसल। बैठक के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। इस अवसर पर संदीप गर्ग बात्ता, जोगेंद्र प्रजापति, राजेश गर्ग बात्ता, मनीष मित्तल हाबड़ी, तेजेंद्र वालिया, कुलदीप ट्योठा आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को जल संरक्षण का महत्व बताया

- स्वच्छ जल भाग्य नहीं वरदान है, इसे बर्बाद मत कीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डा. पलक चावला विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

आरोही स्कूल ग्योंग कैथल में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2024-25 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के नोडल अधिकारी संदीप दुबे ने डॉ पलक चावला रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। इसके उपरांत डॉ पलक चावला रिसोर्स पर्सन ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में इस वर्ष की राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह की थीम में /"वृक्षारोपण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने/" पर केंद्रित गतिविधियां शामिल की गई हैं। डॉ पलक द्वारा अपने संबोधन में आगे कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2024-25 का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिसमें स्कूली छात्रों और शिक्षकों को शामिल करते हुए समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवा वर्ग और शिक्षकों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना, नवीन समाधानों को प्रेरित करना और स्थायी जल प्रबंधन के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। पर्यावरण को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इसके पश्चात डॉ पलक चावला ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की महत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण पर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को शपथ भी दिलवाई। जल संरक्षण की सफलता की कहानियों का भी जिक्र किया इनमें अन्ना हजारे,राजेंद्र सिंह वाटरमैन ऑफ इंडिया तथा मेवात जिले की कहानियाँ सुनाईं।

## शिवरात्रि पर्व : भगवान शिव की उपासना का दिया संदेश

**पूंडरी।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पावन अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन की तैयारियां जोरों पर हैं। फतेहपुर के प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर के पुजारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर की भक्ति में लीन होने का अवसर है। पुजारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि महाशिवरात्रि का महत्व त्रिलोकीनाथ भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। इस दिन भोलेनाथ का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और रात्रि जागरण करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पर रुद्राक्ष धारण करने, ओम नम* शिवाय मंत्र का जाप करने और सच्चे मन से शिव भक्ति करने से भक्तों को विशेष कृपा प्राप्त होती है। मंदिर में इस बार विशेष शिव आराधना, महाआरती और भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाता है और भक्तों के लिए विशेष रुद्राभिषेक पूजा की व्यवस्था की जाती है। पुजारी देवेंद्र शर्मा ने सभी शिव भक्तों से आह्वान किया कि वे इस शुभ अवसर पर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित करें और रात्रि जागरण कर भगवान शिव की उपासना करें।

## नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। नशा न करने बारे आमजन को जागरूक करती पुलिस।

नशे के खिलाफ कैथल पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। जिला कैथल में पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है। जो उक्त टीम गांव गांव जाकर आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है। मंगलवार को उक्त टीम द्वारा सांपली खेड़ी, मुंदड़ी, पूंडरी, फतेहपुर व जगदीशपुरा कालेज में विद्यार्थियों, महिलाओ व आमजन को नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल/ कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है।

## पानी का दुरुपयोग बिल्कुल न करें: दीपक

- मेक कैथल वाटर पॉजिटिव मुहिम के लिए पंचायतें आगे आएं : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से अग्रसेन धर्मशाला जखोली अड्डा कैथल में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में कैथल खंड के 20 गांव के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। कार्यशाला में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के दीपक कुमार ने बताया कि हमें पानी की एक-एक बूंद का इस्तेमाल करना चाहिए,व पानी के दुरुपयोग नहीं करना चाहिए ।उन्होंने ग्राम पंचायतों से मेक कैथल वाटर पॉजिटिव मुहिम को सफल बनाने की अपील की। जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि सन 1951 में जब देश की आबादी 36 करोड थी अब प्रति व्यक्ति 5177 क्यूबिक लीटर पेय-जल उपलब्ध था ।वही सन 2011 में भारत के बाद बढ़कर 121 करोड़ हो गई जबकि पेयजल उपलब्धता घट कर 1150 क्यूबिक लीटर रह गई। वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्वयं सहायता समूह की महिला को जल जीवन मिशन के साथ जोड़ा जा रहा है। जो गांव में नल कनेक्शन देने, पेयजल बिल एकत्रित करने व पानी की जांच करने का कार्य भी करेगी।

## निर्माणाधीन गुरुघर के लिए 50 कट्टे सीमेंट भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। निर्माणाधीन गुरुघर के लिए 50 कट्टे सीमेंट भेंटकर्ता शीशन सांच।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती पर भेंटकर्ता शीशन सांच ने किया संकल्प पूरा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की अनुकंपा से गांव सांच में निर्माणाधीन गुरुघर (मंदिर) को 50 कट्टे सीमेंट भेंट किए गए। यह पुण्य कार्य शीशन सांच द्वारा किया गया, जिन्होंने यह संकल्प पिछले वर्ष लिया था। शीशन सांच ने बताया कि पिछले साल जब उन्होंने गांव रसीना में षभ बाइक स्पेयर पार्ट्स एंड सर्विस शॉप शुरू की थी, तभी उन्होंने तय किया था कि सतगुरु रविदास की कृपा से अपने पहले सफल वर्ष की पूर्णता पर वे गुरुघर में सेवा प्रदान करेंगे। अब, सतगुरु रविदास जयंती के शुभ अवसर पर उन्होंने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 50 कट्टे सीमेंट भेंट किए। इस पावन कार्य पर गांव के श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त किया और शीशन सांच के इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से गुरुघर का निर्माण शीघ्र पूरा होगा और गांव के श्रद्धालुओं को एक भव्य धार्मिक स्थल प्राप्त होगा। शीशन सांच ने इस अवसर पर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुघर के निर्माण में हर किसी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भी इस कार्य में आगे आएं और अपने सामर्थ्य अनुसार गुरुघर निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं हमें प्रेम, भाईचारे और सेवा का संदेश देती हैं। इसी भावना के साथ उन्होंने यह भेंट अर्पित की है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

## नगर पालिका चेयरपर्सन रेखा रानी ने किया लाइब्रेरी और हाल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



लाइब्रेरी व निर्मित हाल कमरे का उद्घाटन करते हुए डॉ रेखा रानी।

भगवान परशुराम धर्मशाला खरोदी रोड चीका में पूर्व विधायक ईश्वर सिंह द्वारा अपने विधायकी काल के दौरान मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 11 लाख की लागत से निर्मित लाइब्रेरी व 18 लाख से निर्मित हाल कमरे का उद्धघाटन उनकी पुत्रवधू नगरपालिका चेयरमैन रेखा रानी ने किया। यह लाइब्रेरी व हाल कमरा चौधरी ईश्वर सिंह ने अपने कार्यकाल में मंजूर करवाया था ।इस अवसर पर उपस्थित विप्रजनों को संबोधित करते हुए नगरपालिका चेयरमैन रेखा रानी ने कहा कि अभी उनका कार्यकाल शेष है,जो भी हाल कमरे का कार्य अधूरा है वह उसे भी पूरा करवाएंगी। ज्ञात रहे कि इस धर्मशाला में सबसे पहले अपने राज्य सभा मैंबर के कार्यकाल के दौरान चौ.ईश्वर सिंह ने 25 लाख रु से 40 फुट चोड़ा व 80 फुट लंबे हाल का निर्माण करवाया था। अब उनकी पुत्रवधू नगर पालिका अध्यक्ष रेखा रानी ने भी उनकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए धर्मशाला में लाखों रुपए से निर्माण कार्य करवाए हैं। नगर पालिका जी का के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव शर्मा, रेखा रानी पार्षद,धर्मशाला के प्रधान महेंद्र शर्मा ,सचिव विजेंद्र कौशल, संरक्षक डॉ रामकुमार शर्मा, पूर्वप्रधान मास्टर श्यामलाल शर्मा, कुलभूषण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को मोबाइल से दूर रखें : खुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

श्री पार्श्वनाथ स्कूल राजौंद में नैतिक शिक्षा विषय पर विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तीसरी व चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा तीसरी से छात्रा नीरू व छात्र देव ने अच्छी आदतों के बारे में बताया। इसी के साथ कक्षा चौथी से छात्रा जपनूर व छात्रा हरकीरत ने अपने विचार व्यक्त किए व अच्छी आदतों को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। अध्यापिका अभिलाषा खुराना ने बच्चों के जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व, बड़ों का आदर करना,समय का सदुपयोग करना, सुबह जल्दी उठना सहित कई विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान अध्यापिका राखी शर्मा ने कहा की अच्छी आदतों से ही अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है। विद्यार्थी जीवन में अच्छी आदतों का विशेष महत्व है।

### डीएवी कॉलेज में सात दिवसीय शिविर का आयोजन

## संसार में कर्म का महत्व सर्वोपरि : डॉ रणधीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका। छात्रों को संबोधित करते प्रोफेसर रणधीर सिंह।

डी ए वी कॉलेज चीका की एनएसएस इकाई (लड़कियों) द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्रथम सत्र में डी ए वी कॉलेज, चीका के पूर्व प्रोफेसर डॉ रणधीर सिंह ने शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं का आवाहन किया कि वह अपने घर में एक छोटी सी लाइब्रेरी अवश्य बनाएं और कम से कम अपने जीवन में 50 महान व्यक्तियों के जीवनियों को पढ़ें और उनके संघर्ष से प्रेरणा लें। इसके पश्चात द्वितीय सत्र में सरकारी अस्पताल कैथल से मैडम सीमा ने एचआईवी, एड्स और नशा के बढ़ते प्रचलन पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सभी को साल में एक बार अपने सभी टेस्ट करवाने चाहिए और इन रोगों के बारे में प्राप्त जानकारी को समाज में साझा करना चाहिए ताकि समाज में जागरूकता लाई जा सके। इससे पूर्व डॉ. वीरेंद्र पाल ने सभी वॉलिंटियर्स को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जानकारी दी।

### जीवन में कर्म के महत्व को समझना जरूरी

आज स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप महान बनना चाहते हो तो आपको जीवन के जीवन में कर्म के महत्व को समझना होगा। कम से ज्ञान की प्राप्ति होती है और ज्ञान के माध्यम से आप इस संसार में किसी भी कार्य को पूर्ण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने ईमानदारी, सेवा भाव, आत्मविश्वास और लक्ष्य प्राप्ति संभव है। इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता के माध्यम से कर्म के महत्व को संपादित किया है।

## खबर संक्षेप

### 5 दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**सफीदों।** नगर के राजकीय पीजी कॉलेज के तत्वावधान में गांव रत्ताखेड़ा में मंगलवार को प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में हवन करके सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप के शुभारंभ पर विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के एनएसएस अधिकारी डा. जयविंद्र शास्त्री ने हवन को संपन्न करवाया।

### उचाना में जल्द बनेगा राजकीय कॉलेज

**उचाना।** विधानसभा चुनाव में उचाना में सरकारी कॉलेज निर्माण का जो वायदा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किया था वो आने वाले दिनों में पूरा होता नजर आ रहा है। विधायक के निर्देश के बाद पंचायत विभाग द्वारा कॉलेज निर्माण को लेकर जमीन की तलाश की है। बड़ौदा, खटकड़, खेड़ी सफा, खरकभूरा एवं घसो खुर्द में कॉलेज निर्माण को लेकर हाइवे के पास भूमि उपलब्ध नहीं मिली। पालवां, भौंगरा एवं कसूहन गांव में जमीन उपलब्ध है। इन तीन गांवों में जमीन कॉलेज निर्माण को लेकर उपलब्ध खंड विकास कार्यालय उचाना द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अंदर है।

### बेटी की जन्म पर किया कुआं पूजन

**कलायत।** कलायत वार्ड नंबर 3 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन को गतिमान करने के लिए अनूठी परंपरा का निर्वहन किया गया। इसके तहत कन्या जन्म पर कुआं पूजन करते हुए महिलाओं ने उत्सव मनाया। अजय धानियां और प्रियंका ने बताया की घर में बेटी के जन्म से खुशी का माहौल है। बेटे की तरह बेटियों के जन्म अवसर पर खुशियां मनाने का सिलसिला चले। इस सोच को लेकर कुआं पूजन किया गया।

### अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

**कैथल।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कैथल व जींद जिले के महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एस डी एम एम नरवाना कॉलेज ने भौतिकी विषय में, डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल ने रसायन विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान में, के एम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना ने प्राणिशास्त्र सहित अन्य कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

### हमला करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कैथल।** अपहरण व जानलेवा हमला करने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई मोहन लाल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव लालपुर निवासी गुरमीत व हरजिंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव दुसेरपुर निवासी भाना राम की शिकायत अनुसार उसके बड़े बेटे देशपाल ने अपनी मर्जी से 2 दिसंबर 2024 को गांव लालपुर निवासी सरबजीत कौर से लव-मैरिज की थी।

## आध्यात्मिक संगम में खेल, खेती और विरासत पर किया आत्मचिंतन

# चिंता छोड़कर चिंतन करें, मन प्रसन्न होगा तो आगे बढ़ेंगे

■ युवाओं को नशे से दूर रह कर ध्यान, योग करने का आह्वान


खाप नेता टेकराम कंडेला।


दयाकिशन गिल।


डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।


**जींद।** कार्यक्रम में उमड़ी भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आर्ट ऑफ लिविंग के गुरु श्रीश्री रविशंकर ने आध्यात्मिक संगम में खेल, खेती और विरासत में आत्मचिंतन, ध्यान और योग के माध्यम से जुड़ कर जीवन शैली सुधारने, नशा छोड़ कर हर व्यक्ति को गांव को समृद्ध बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने नस्ल बचाओ तथा फसल बचाव को तार्किक तरीके से लोगों के सामने रखा। सामाजिक तानेबाने को बचाने के लिए गांव गौत्र में विवाह को सरसर गल्त बताया और युवाओं को नशे से दूर रह कर ध्यान, योग करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि ध्यान के परिणामों से पूरी दुनिया अचंभित है कि किस प्रकार ध्यान लगाने से मन शांत होता है और शरीर निरोग बनता है। श्रीश्री रविशंकर मगंलवार को श्री धाम सोसायटी में आयोजित आध्यात्मिक संगम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विस के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, कार्यक्रम के आयोजक दयाकिशन गिल, अनिल जागलान, नरेश जागलान, खापों के चौधरी, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। श्रीश्री रविशंकर ने प्रदेश के लोगों का आह्वान किया कि वह चिंता छोड़ कर चिंतन करें। अगर मन प्रसन्न होगा तो व्यक्ति आगे बढ़ेगा। महाकुंभ में व्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था पहले कभी नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने से मोक्ष नही मिलता, अच्छे कर्म करने जरूरी है।


**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशंकर।

### हरियाणा खेलों की धरती

श्रीश्री रविशकर ने कहा कि 80 प्रतिशत खिलाड़ी हरियाणा प्रदेश से आ रहे हैं। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी बड़ी संख्या में पदक जीतकर हरियाणा का गौरव विदेश में बढ़ा रहे हैं और देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के खिलाडियों का आह्वान किया कि वह इसी प्रकार से आगे बढ़ते रहें और देश में हरियाणा की शान को बढ़ाते रहे है

### तनाव के कारण बढ़ रहे तलाक के मामले

आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशकर ने सवालों के जवाब में बताया कि तलाक बढने का सबसे बड़ा कारण तनाव है। उन्होंने कहा कि आम व्यक्ति को योग, प्राणायाम और ध्यान की तरफ बढना चाहिए। जिससे मन शांत हो। इससे तलाक पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### काल ज्ञानी का किया समर्थन

श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि आज एक तरफ विज्ञान की तरफ कदम बढ़ाए जा रहे हैं। आदमी चांद पर जा चुका है लेकिन गाव मे आज एक काल ज्ञानी का होना भी जरुरी है। पहले कोई भी घटना होने पर लोग काल ज्ञानी के पास जाते थे और वह चिंतन कर बता देता था

### नस्ल बचाओ, फसल बचाओ अभियान सराहनीय : डा. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शुरू किए गए खेल, खेती और विरासत के संगम तथा नस्ल बचाओ फसल बचाओ अभियान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हुए कहा कि यूं तो देश में संतों का मान सम्मान होता ही रहता है।

### नशे के खिलाफ कार्य कर रही खाप : कडेला

सर्वजातिय सर्वखाप पंचायतों के राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला ने आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशकर की नस्ल बचाओ, फसल बचाओ की पहल को अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि खापों ने पीएम तथ सीएम के सामने एक गांव, एक गौत्र, लिव इन रिलेशन पर रोक लगाने की मांग की थी।

### जहरमुक्त खेती को दिया संदेश : गिल

आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम के आयोजक दयाकिशन गिल ने कहा कि जहर मुक्त खेती का संदेश गुरु जी ने दिया। युवाओं को नशा से बचाने का आह्वान किया गया है। फसल बचेगी तो नस्ल बनेगी। योग तथा ध्यान से नियंत्रण पाने की कोशिश है। पेड़ लगेंगे तो पर्यावरण साफ रहेगा।


**नरवाना।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थी रहे अव्वल

■ ओलंपियाड में किया शानदार प्रदर्शन, शिक्षकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूलए के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों कै व्थ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड ;2024.25द्ध में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 11 के विद्यार्थियों अंजलिए कोमलए मनकुश एसंजना और तन्नु ने अंग्रेजी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। विशेष रूप से मानुषी ने 64 अंक प्राप्त कर तीसरा जोनल रैंक हासिल किया। कक्षा 6 की आरुषी ने अंग्रेजी प्रतियोगिता मेंए कक्षा 9 की शिखा ने सामाजिक विज्ञान मेंए कक्षा 10 के आर्यन ने गणित में तथा कक्षा 12 के नवनीत तथा आर्यन ने वाणिज्य विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नवीन शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी योग्यता को राष्ट्रीय स्तर पर परखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इन ओलंपियाड में लाखों बच्चे हिस्सा लेते हैं और उन में से गोल्ड मेडल प्राप्त करना अपने आप में ही एक उपलब्धि है। हम अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि गर्व का विषय है। यह हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही सफलताएं प्राप्त करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन श्रीमान प्रवीण कुमार ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में सफलता से विद्यालय में शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। जिनसे विद्यार्थियों के अंदर इन प्रतियोगिताओं के प्रति रुचि पैदा होगी।

# मांगों को लेकर दमकल कर्मी गरजे

■ 30 मार्च को मंत्री का करेंगे घेराव : राजेंद्र सीनद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**नरवाना।** नारेबाजी कर रोष जताते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन राज्य कमेटी की बैठक दमकल केंद्र में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द व संचालन राज्य महासचिव सुखदेव सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान राजेंद्र सीनद ने बताया कि प्रदेश के सभी दमकल केंद्रों में कार्यरत पे-रोल,कौशल निगम व नियमित कर्मचारियों की मांगो व समस्याओं को लेकर निदेशक व अन्य अधिकारियों के साथ यूनियन प्रतिनिधि मंडल के साथ कई दौर की बैठकों में हुई वार्ता में कोई समाधान निकला है, जिस कारण से कर्मचारियों में भारी निराशा का माहौल बना हुआ है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियो की सहमति से निर्णय लिया गया है कि 4 मार्च को सभी मुख्य दमकल केंद्रों पर गेट मीटिंग की जाएगी। उसके बाद 18 मार्च को निदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं हरियाणा,पंचकूला पर मॉस डेपुटेशन प्रदर्शन किया जायेगा। नगरपालिका संघ के राज्य महासचिव भी मौजूद रहे।

### चार मार्च को श्रम मंत्री के आवास का घेराव करेंगे श्रमिक

**जींद।** मजदूर भवन में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला जींद का आठवां सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में 27 सदस्यों की जिला कमेटी का चुनाव किया गया। यूनियन के महासचिव राममेहर सिंह ने बताया कि आज बीजेपी के राज में देश व प्रदेश में निर्माण मजदूरों के हालात बद से बदतर हुए हैं। पिछले 10 वर्ष में जात, धर्म, इलाका, गोत्र आदि के नाम पर मेहनतकश जनता को बांटने का काम किया है और जनता के असल मुद्दों से पूरी तरह से ध्यान हटाया जा रहा है। निर्माण मजदूरों के लिए बने कल्याण बोर्ड को एक तरह से खत्म करने की योजना बीजेपी सरकार की है।

# एसडीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


**नरवाना।** शिकायतें सुनते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

नरवाना के नवनियुक्त एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को पहला समाधान शिविर आयोजित हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सात फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे । एसडीएम जगदीश चंद्र ने सभी शिकायतों को सिल.सिलेवार सुना और उनके यथा उचित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गौरतलब है कि हरियाणा सिविल सर्विसिज 2019 बैच के अधिकारी जगदीश चंद्र ने सोमवार को बतौर एसडीएम नरवाना अपना पदभार ग्रहण किया और कार्यभार संभाला। पद ग्रहण के समय एसडीएम जगदीश चंद्र का तहसीलदार निखिल सिंगला ए नायब तहसीलदार सिराज खान तथा एसडीएम कार्यालय के उप अधीक्षक रघवीर सिंह ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विदित रहे की एसडीएम जगदीश चंद्र को निवर्तमान एसडीएम दलजीत सिंह के तबादला के बाद बतौर एसडीएम नरवाना नियुक्त किया है। जगदीश चंद्र इससे पहले सिवानी ए लोहारू तथा रतिया में बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# एडीसी ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कलायत।** जिला अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल ने पोषण अभियान के तहत मंगलवार को खरक पांडवा और गांव मटौर में आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में परोसे जा रहे भोजन को जांचा। एडीसी ने कहा कि खान पान के प्रति संजीदगी जरूरी है। महिलाओं व बच्चों को पूर्ण पोषण आहार के प्रति प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से समय-समय पर पोषण आहारों के प्रति जागरूक किया जाता है। शासन-प्रशासन हर किसी के स्वास्थ्य के प्रति सजग है। अकसर खानपान पर ध्यान न देने पर महिलाओं व बच्चों में खून की कमी जैसी समस्याएं सामने आती हैं।


**कलायत।** ग्रामीण अंचल में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते एडीसी दीपक बाबू लाल

# पार्क की लाइट बंद होने से छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




कैथल के नए बस अड्डे के पास ट्रैफिक पार्क में पिछले 15 दिनों से पार्क की लाइट रात के समय नहीं जग रही हैं। शाम और सुबह भगत सिंह और डिफेंस कॉलोनी के निवासी पार्क में घूमने आते हैं जिसमें नौजवान लड़के-लड़कियां, बुजुर्ग व छोटे बच्चे शामिल होते हैं। सुबह व शाम को पार्क में लाइट बंद होने के कारण अंधेरा रहता है जिसके कारण आसपास की कॉलोनी निवासियों में गहरा रोष है। निवासियों का कहना है कि अंधेरे में डर लगता है तथा घूमने में काफी परेशानी होती है। आसपास की झाड़ियां में कहीं से कोई जहरीला जानवर के डसने का अंदेशा बना रहता है।

कालोनी वासियों शमशेर मलिक, कृष्ण पांचाल, प्रवीण कुमार, नरेश कुमार, विजयपाल आदि ने बताया कि पार्क में कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है इसलिए पार्क की लाइटों को तुरंत ठीक करवाया जाना चाहिए। लाइट बंद होने की वजह से कॉलोनी निवासियों के अलावा बस अड्डे के यात्रीगण भी देर शाम तक पार्क में बैठकर आराम कर लेते हैं जिसके कारण पता ही नहीं चलता कि अंधेरे में महिला अथवा पुरुष कौन बैठा है। अधिकतर महिलाओं ने तो सुबह व देर शाम को पार्क में घूमना बंद कर दिया है।

## मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बढ़ रही भारत की साख : कृष्ण पंवार

**पूंडरी।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की मजबूत लहर है और जनता अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पूंडरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा कर रही है, यही कारण है कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। इस मौके पर उनके साथ विधायक सतपाल जांबा भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह पार्टी हमेशा जनता को गुमराह करने का काम करती आई है, लेकिन अब जनता कांग्रेस की सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद आपसी गुटबाजी में उलझे हुए हैं और जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं।


पूंडरी पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार का स्वागत करते विधायक सतपाल जांबा।

# डिवाइडर पर कोई भी निशान न होने के कारण वाहन चालक हो रहे चोटिल

**राजौंद।** राजौंद में कैथल असंध मार्ग पर बनाए गए डिवाइडर पर कोई भी निशान न होने के कारण आए दिन वाहन चालक चोटिल हो रहे है। जबकि इस बारे दुकानदार व लोग प्रशासन व संबंधित विभाग को बार बार अवगत करवा चुके है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। दुकानदार रामकुमार, सिंधा, मनीराम, प्रवीण, बीरू, मनमोहन, बंटी, राजू, कालू, पवन ने बताया कि जब राजौंद में कैथल असंध मार्ग पर डिवाडर का निर्माण किया गया था। राजौंद से निकाले गए डिवाडर पर रिफलेक्टर नही लगाए गए, जिससे वाहन चालकों को घटना का शिकार होना पड़ता है। इन लोगों ने बताया कि राजौंद मे डिवाइडर बने 6 वर्ष बीत चुके है। लेकिन डिवाइडर के बीच के रास्ते पर आज तक बजरी तारकोल नहीं बिछाया गया। जिससे इन कटों पर वाहन फिसल जाते है, जिससे चालकों को घटना का शिकार होना पड़ता है। इसके अलावा इन लोगों ने बताया कि कैथल असंध मार्ग पर सड़क भी जगह जगह टूटी हुई है जिस बारे वह कई बार शासन व प्रशासन को अवगत करवा चुके है। इन लोगों ने मांग करते हुए कहा कि इस दिशा में जल्द काम किया जाए।


डिवाइडर के बीच छोड़े गए कट।

**तैयारी** परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अध्यापक उतरेंगे फिल्ड में

अप्रैल से प्रवेश उत्सव शुरू होने की उम्मीद अभी से तैयारी में जुटे जिले के शिक्षक

# स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर अधिकारियों का बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अभी विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बाद शिक्षक फील्ड में उतरेंगे, जो घर-घर जाकर छात्रों की संख्या बढ़ाएंगे। इसमें ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लिया जाएगा। विभाग की ओर से यह अभियान जिले के सभी गांवों में चलाया जाएगा। जिसमें शिक्षकों को ज्यादा दाखिले करने का टारगेट मिलेगा। अप्रैल से प्रवेश उत्सव शुरू होने की उम्मीद है। प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षक अभिभावकों को राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तिए वर्दी भत्ताए मिड डे मील सहित अन्य चीजों के बारे में जानकारी देंगे। दरअसल बढ़ती तकनीक के दौर में अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने की बजाएए प्राइवेट स्कूलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस कारण सरकारी स्कूलों की छात्र संख्या लगातार घट रही है। इसलिए विभाग को अब छात्र बढ़ाने के लिए नई-नई योजनाएं चलानी पड़ रही है। इस सत्र में जिलेभर के 724 राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या एक लाख चार हजार 39 है। जबकि इससे पिछले सत्र में जिलेभर के राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या एक लाख सात हजार से ज्यादा थी। ऐसे में पहले की अपेक्षा राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या तीन हजार तक घट गई थी। अब परीक्षा खत्म होने के बाद प्रवेश उत्सव में राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।




### कक्षा अनुसार विद्यार्थियों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| बालवाटिका | 4643 | सातवीं कक्षा | 9544 |
| पहली कक्षा | 4617 | आठवीं कक्षा | 10425 |
| दूसरी कक्षा | 4852 | 9वीं कक्षा | 9062 |
| तीसरी कक्षा | 7359 | 11वीं कक्षा | 9418 |
| चौथी कक्षा | 8457 | 12वीं कक्षा | 7132 |
| पांचवीं कक्षा | 9188 | कुल | 104039 |
| छठी कक्षा | 9207 | | |

### ये बोले अधिकारी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि हर साल सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव के रूप में जिलेभर में अभियान चलाया जाता है। छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों के साथ बैठक की जा रही है। जब प्रवेश उत्सव शुरू होगा तो शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देंगे।